
## एक नजर में

### खनिज अधिकारी ने ओवरलोड मुरूम परिवहन करते डंपर को पकड़ा



**कसरावद, निप्र।** खरगोन जिले के कसरावद में खनिज विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। डंपर में ओवरलोड मुरूम परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर खनिज अधिकारी ने कार्रवाई की है। यह कार्रवाई खनिज अधिकारी सावन चौहान के नेतृत्व में की गई है। खनिज अधिकारी आरती गीते ने मौके पर जाकर डंपर को पकड़ा एवं कसरावद पुलिस थाने की अपेक्षा में खड़ा किया। खनिज अधिनियम की धारा में कार्रवाई की। इससे पहले भी खरगोन जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ कई कार्रवाई की गई हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में दूसरे दिवस धूमधाम से हुआ भगवान शिव-पार्वती का विवाह



**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह समीपस्थ ग्राम पंचायत बामनपुरी अपना हॉस्पिटल हरिराम बलिराम शाह परिवार के द्वारा 14 मार्च से 20 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन निज निवास ग्राम बामनपुरी में कथा के दूसरे दिवस शिव पार्वती विवाह का जैसे ही प्रसंग आया कथा स्थल पर शिव पार्वती का विवाह धुम-धाम से सम्पन्न कराया गया। कथा वाचक पंडित दीपक बर्वे ने इस अवसर पर कहा कि शिव से बड़ा कोई नही शिव की पूजा से हर कोई मन चाहा वर प्राप्त कर सकता हैं। जरूरत हैं सदैव मन से भगवान शिव की आराधना की जाए। भगवान शिव मानव का कल्याण कर भव सागर से पार लगाते हैं। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद हैं, आवश्यकता निर्मल मन को स्थिर चित्र से यह कथा श्रवण की जाए। कथा के दौरान शिव पार्वती विवाह की आकर्षक झांकी सजाई गई तथा कथा में उपस्थित महिलाएं व बच्चे नृत्य करते हुए नजर आए।

### संयम पथ की पहली सीढ़ी की ओर अग्रसर हुए इंजीनियर, युवा ने लिया शुद्ध जल ग्रहण का नियम

**सनावद, निप्र।** वात्सल्य वारिधि राष्ट्र संत आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित अठारह त्यागियों की जन्म नगरी सनावद के इंजीनियर युवा त्याग वैराग्य, संयम की गौरव शाली परम्परा के और अग्रसर हो रहे है। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि अनेक त्यागियों की नगरी सनावद में त्याग वैराग्य, संयम की गौरव शाली परम्परा को आगे बढ़ाते हुए सनावद के 33 वर्षीय नवयुवक इंजीनियर शानिल सुपुत्र संगीता श्रीमंदर जैन (बड़ूद परिवार) सनावद ने शिवदासपुरा राजस्थान में अपने परिवार के साथ पहुँच कर नगर गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के समक्ष श्रीफल समर्पित कर यज्ञोपवीत जनेऊ धारण कर आजीवन शुद्ध जल ग्रहण करने का नियम लेकर



बीसवीं सदी के महान आचार्य श्री शान्ति सागर जी महाराज की कठिन परम्परा का पालन कर रहे आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज को आहार भी दिया। शानिल का परिचय :- जन्म- 12जून1992, नौकरी :- एमडॉक्स कंपनी पूना में मैनेजर, शिक्षा - एम.टेक, परिवार में बचपन से धार्मिक संस्कार दिए गए है। आप के घर में अनेक वर्षो से स्वयं का भगवान का चैत्यालय है आप के परिवार के द्वारा आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज को मंगल विहार करवाने का भी सोभाग्य मिल चुका है। इस अवसर पर सभी समाजजनो शानिल के इन भावों की अनुमोदना की।

### क्षत्रिय कलचुरी कलाल समाज के सम्मेलन में 225 से अधिक युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय




**बिस्टान, निप्र।** मध्य प्रदेश में किसी भी स्थान पर अगर समाज अपनी भूमि पर भगवान सहस्त्रार्जुन भगवान का मंदिर बनवाना चाहते हैं तो मैं मंदिर निर्माण में एक लाख रुपए की मदद करूंगा। यह बात डॉ. एल एन मालवीया कलचुरी कलाल समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने राधाकुंज सभागार में आयोजित चतुर्थ परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कहीं। सम्मेलन में दो हजार से अधिक स्वजातीय बंधुओं ने भाग लिया। समाज के वरिष्ठ संरक्षक एल एन मालवीया खरगोन ने इस अवसर पर कहा कि सुदूर अंचलों में बसे स्वजनों के लिए स्मारिका परिणय सेतु वरदान से कम नहीं है। समाज के अध्यक्ष बिहारीलाल मालवीया ने इस अवसर पर कहा कि परिचय सम्मेलन के माध्यम से वैवाहिक रिश्ते तय होने में मदद मिलेगी साथ ही समय एवं पैसे की बचत होगी। उन्होंने समाज के प्रस्तावित मांगलिक भवन के लिए सभी बंधुओ से सहयोग की अपील की। समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष परसराम चौहान ने कहा कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से युवक युवतियों को मन वांछित जीवन साथी खोजने में मदद मिलेगी ऐसा विश्वास है। उन्होंने इस अवसर पर परिणय सेतु के संपादक मंडल को बधाई दी। मांगलिक भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष इंजी. नितिन मालवीय ने कहा कि मजबूत परिवार ही मजबूत समाज की नींव होता है। जब हर परिवार संस्कारों से जुड़ा होगा तभी समाज और अधिक संगठित जागरूक और प्रगतिशील बनेगा। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन पर बल देते हुए कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति परिवार से प्रारंभ होती है। परिणय सेतु के संपादक एवं समाज के मीडिया प्रभारी प्रभुराम मालवीया ने कहा कि परिणय सेतु संस्कृति के तटबंध पर संस्कार के संबंध का नया अध्याय रचेगा। समाज के सचिव रघुनंदन मालवीया एवं कन्हैया मालवीया ने इस अवसर पर कहा कि समाज ही जीवन की आधारशिला है।

**इस अवसर पर मंचासिन :-** सुनील चौथमल धारणी, डॉ गजानन मालवीया, राधेश्याम मालवीया, तहसील अध्यक्ष चमन मालवीया, जितेश धारवाल, राजेश जायसवाल, कैलाश मालवीया, रामदयाल लाखेणा, नंदकिशोर मालवीया, विकास मालवीया, प्रकाश जायसवाल, गिरधारी चौहान, बिहारीलाल चौहान, जय नारायण मालवीया, कैलाश जायसवाल, दिनेश चौकसे, जगदीश जायसवाल, भारती मालवीया, अनीता मालवीया, चंद्रकांता चौहान ने समाज के स्वजातीय बंधुओं को एक मंच पर रहकर एकजुट रहने की बात कही साथ ही स्मारिका परिणय सेतु के माध्यम से विवाह के नए संबंध जोड़ने का विश्वास दिलाया एवं स्मारिका के संपादक मंडल को बधाई दी। अतिथियों ने इस स्मारिका परिणय सेतु का विमोचन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने भगवान सहस्त्रार्जुन एवं भारत माता की पूजा अर्चना कर आरती की। समाज के जिला एवं तहसील पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर समाज द्वारा प्रस्तावित मांगलिक भवन में दान देने वाले समाजसेवियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं का अतिथियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**225 से अधिक युवक युवतियों ने बेबाक ढंग से अपना परिचय दिया :-** राधाकुंज सभागार में आयोजित परिचय सम्मेलन के माध्यम से मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं महाराष्ट्र के कई अंचलों से उपस्थित हुए युवक की युवतियों ने बेबाक ढंग से अपना परिचय रखा एवं जीवनसाथी चुनने के लिए अपनी पसंद रखी। विशाल मालवीया, रोशनी मालवीया, गरिमा मालवीया, अमित मालवीया, अंजली राय, डॉक्टर यश मालवीया, पीयूष मालवीया, वर्षा मालवीया, रितेश मालवीया, श्याम मालवीया, रविंद्र मालवीया, शिव प्रकाश आर्य, रवीना वर्मा, सौरभ मालवीया, प्रियंका मालवीय ऐश्वर्या मालवीय सोनाक्षी मालवीय, जायसवाल, कविता अजमेरी, आयुषी वर्मा, पूजा मालवीय, रूपाली मालवीय, सुनीता मालवीय, मोहिनी मालवीय, साक्षी चौहान, राशि मालवीय, शिखा मालवीय, शालिनी मालवीय, प्रिंस मालवीय, साक्षी मालवीय, दर्शन मालवीय, अभिषेक मालवीया सहित 135 लड़कों ने एवं 90 युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया।

# सशक्त कार्यकर्ता ही मजबूत संगठन का आधार : सुरेंद्र शर्मा

## पार्टी को मां, परिवार समझकर काम करेंगे तो पार्टी के साथ कार्यकर्ताओं का बढ़ेगा सम्मान : जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जिले के भीकनगांव पूर्वी एवं पश्चिम मंडल में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ किया गया। सक्षम कार्यकर्ता- सशक्त संगठन का संदेश लेकर आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, खरगोन विधायक एवं पूर्व कृषि राज्यमंत्री बालकृष्ण पाटीदार, प्रशिक्षण वर्ग निमाड़ संभाग प्रभारी कल्याण अग्रवाल, निमाड़ संभाग सह प्रभारी ओम सोनी, जिला संयोजक शालिनी रतोरिया ने किया।



इस वर्ग में अपेक्षित कार्यकर्ता एवं टोली पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। कार्यकर्ता पार्टी को मां, परिवार समझकर काम करेंगे तो पार्टी नई ऊंचाईयां छुएगी और कार्यकर्ताओं का सम्मान भी बढ़ेगा जिलाध्यक्ष ने कहा सभी कार्यकर्ता इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, यह हमें जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा पहुंचाने, विपक्ष के झूठे प्रचार का जवाब दे सकेंगे। तृतीय सत्र में निमाड़ संभाग प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा सशक्त कार्यकर्ता ही ससशक्त संगठन का आधार होता है। भाजपा केवल चुनावी संगठन नहीं, बल्कि विचारधारा आधारित आंदोलन है। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को निपुण, परिपक्व और जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। वक्ता एवं विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण की परंपरा जनसंघ के समय से है। सशक्त कार्यकर्ता ही सशक्त संगठन का आधार हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है,



जिसमें प्रशिक्षित कार्यकर्ता है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता होने से वह भ्रमित नही होता। पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करता है, क्योंकि वह पार्टी की विचारधारा से जुड़ा होकर जनकल्याण का भाव रखता है, जबकि अन्य पार्टीयों में प्रशिक्षित कार्यकर्ता नही होने से टूट, दल-बदल होता रहता है। पश्चिमी एवं पूर्वी वर्ग में बतौर वक्ता कल्याण अग्रवाल, ओम सोनी, जिला संयोजक शालीनी रतोरिया, द्वितीय सत्र में बड़वाह विधायक सचिन बिरला ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर अनुशासन, संयम और नेतृत्व क्षमता का पाठ पढ़ाया।

### जिले के सभी 28 मंडलों में होंगे प्रशिक्षण वर्ग

जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया पार्टी की संगठनात्मक सुदृढ़ता एवं कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक तथा चुनावी कौशल के विकास के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आरंभ किया गया है। जिले के सभी 28 मंडलों में यह प्रशिक्षण होगा, जिससे कार्यकर्ता दीनदयाल जी के अंत्योदय विचार को अपनाकर समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पार्टी की रीति-नीति और विकास पहुंचा सकें। 7 सत्रों में आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यपद्धति, इतिहास, आधुनिक तकनीक (सोशल मीडिया), नमो ऐप और सरकार की उपलब्धियां विषय पर वक्ता मार्गदर्शन दे रहे है। वर्ग का सोमवार को समापन होगा। प्रशिक्षण से पूर्व प्रशिक्षणार्थियों का ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश दिया गया।

# कांशीराम की जयंती पर संघर्षों को किया याद

**खरगोन, निप्र।** नगर के महाकारुणिक बुद्ध विहार में राष्ट्रीय बौद्ध महासभा द्वारा बहुजन नायक कांशीराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों ने साहब के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की।



**विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति:-** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश सागौर ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार राजेश नायर एवं पूनमचंद गांगले थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद अदातिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान बुद्ध, डॉ. बाबा साहब अंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम साहब के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

**धम्म ग्रंथ का हुआ वाचन:-** इस अवसर पर आध्यात्मिक वातावरण के बीच विहार के संरक्षक संजीव कुमार ने बुद्ध वंदना व त्रिशरण का पाठ किया। साथ ही 'भगवान बुद्ध और उनका धम्म' ग्रंथ का वाचन कर उपस्थित जनसमूह को बुद्ध के शांति और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। वक्ताओं ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब ने समाज को हक और अधिकारों के प्रति जागरूक कर एक नई दिशा प्रदान की।



**सैकड़ों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु:-** जयंती समारोह में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित हुए। इस दौरान मुख्य रूप से यशवंत गांगले, शंकर गांगले, कुणाल गांगले, लल्ला गांगले, गठिया मंशारे, कान्हा पंचोली, दुर्गा पंचोली, मोना गांगले, संतोष गाडगे, मोहित गांगले, उमेश रोखड़े, सतीश गांगले एवं दिलीप पंचोली सहित बड़ी संख्या में अन्य समाजजन मौजूद रहे।

# गोगावां ग्राम पंचायत में लंबे समय से सचिव के छुट्टी पर होने से विकास कार्य ठप्प, ग्रामीण हो रहे परेशान

**गोगावां, निप्र।** गांव की बद किस्मती कहें कि जिले की सबसे बड़ी व सबसे अधिक आय कमाने वाली पंचायतों में शुमार पंचायत के हाल बेहाल है कारण लंबे समय से सचिव हेमंतसिह तंवर का स्वास्थ्य ठीक नही होने के चलते अवकाश पर होना बताया जा रहा है।




उधर जिला जनपद पंचायत द्वारा भी आज तक कोई वैकल्पिक सचिव की व्यवस्था नही करने से इस पंचायत में पेंडिंग पड़े विकास कार्यों के ठप्प होने के साथ ही पंचायत के अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे हे। ग्रामीणों का कहना है कि सामने दोनो समुदायों के त्यौहार आ रहे है उधर वेतन नहीं मिलने से गांव में सफाई कर्मियों ने भी शनिवार से सफाई काम बंद कर दिया है वही शासकीय कार्यों के साथ ही पंचायत के नवीन ठेको की नीलामी भी सचिव के नही होने से प्रभावित हो रही है जिससे की पंचायत की सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। पंचायत के रोजगार सहायक नितिन उपाध्याय की तैनाती भी मकानों की जनगणना व अन्य कार्यों में लगी होने से वह भी कार्यालय में समय नहीं दे पा रहे हे इससे भी ग्रामीण नाराज हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत की प्रथम महिला रेशमाबाई राजेंद्र का कहना है की जबतक पंचायत सचिव नहीं आएंगे विकास के साथ ही अन्य कार्य कैसे कर पाएंगे सामने दोनों समुदाय के दो त्योहार ईद व गणगौर पर्व आ रहे है हमारे पास 21 सफाईकर्मी, चार वाटर मेन, 4 आउटसोर्स कर्मी, एक लाइनमैन कर्मी कार्यरत है जिनके सचिव के अवकाश पर होने से वेतन निकालने के लाले पड़ रहे है। इसी को देखते हुए गत दिनों ही हमारे द्वारा इस संबंध में नवीन सचिव की नियुक्ति हेतु जिला पंचायत को कारवाई लिखी गई है परंतु आजतक इसका समाधान नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है की पूर्व में भी इस पंचायत को सचिवों की कार्य प्रणाली से दोचार होना पड़ा है जिससे की ग्रामीण लोग परेशान होने को मजबूर होते आए है।

# नेशनल लोक अदालत में 804 प्रकरणों का किया निराकरण

**खरगोन, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देश पर 14 मार्च 2026 (शनिवार) को जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के तत्वावधान में जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर में किया गया।



लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह एक प्रभावी एवं कल्याणकारी व्यवस्था है, जिसके माध्यम से पक्षकारों को शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय प्राप्त होता है तथा आपसी विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है। नेशनल लोक अदालत के दौरान जिले के विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। लोक अदालत के माध्यम से वैवाहिक मामलों में भी सकारात्मक पहल हुई, जिसमें समझाइश के जरिए अनेक दामपत्य संबंधों को पुन: स्थापित किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नेशनल लोक अदालत में कुल 804 लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिनमें लगभग 8.78 करोड़ रुपये का सेटलमेंट किया गया तथा 1843 व्यक्ति लाभान्वित हुए। वहीं नगर पालिका, बैंक एवं बीएसएनएल से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामलों में 2745 प्रकरणों का राजीनामा हुआ, जिनसे लगभग 3.08 करोड़ रुपये की वसूली की गई और 3428 व्यक्ति लाभान्वित हुए। लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों के पक्षकारों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौध भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, पैरालीगल वॉलेंटियर्स एवं बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित रहे।

**नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका खरगोन द्वारा 1.24 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली:-** 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से नगर पालिका परिषद खरगोन द्वारा बकाया राजस्व करों की प्रभावी वसूली की गई। लोक अदालत दिवस पर नगर पालिका द्वारा कुल 1 करोड़ 24 लाख 244 रुपये की वसूली कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति की गई। लोक अदालत के अवसर पर संपत्तिकर, जलकर, दुकान किराया, टी.आई.डी. लीज एवं अन्य करों से संबंधित प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निराकरण किया गया। कुल 11,610 प्रकरणों में से 1,384 प्रकरणों का निराकरण कर बकाया राशि की वसूली की गई। इस दौरान करदाताओं को समझाइश देकर भुगतान के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि बकाया करों की वसूली के लिए विशेष अभियान वर्षान्त तक निरंतर जारी रहेगा। इसके अंतर्गत बकायादारों के नामों का सार्वजनिक प्रकाशन, कुर्की की कार्रवाई एवं दुकान सील करने जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर अपने बकाया करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें तथा दंडात्मक कार्रवाई से बचें। नागरिक नगर पालिका कार्यालय अथवा ऑनलाइन माध्यम से करों का भुगतान कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं।

# स्वयं सेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर आधारित फिल्म शतक का प्रदर्शन



**सनावद, निप्र।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की सौ वर्षों की यात्रा पर आधारित फिल्म 'शतक' का नि:शुल्क प्रदर्शन इनपुन भोगावा रोड स्थित सिनेप्लेक्स टॉकीज में रविवार को किया गया।

विधायक सचिन बिरला एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सिनेमा थिएटर पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का उद्देश्य भारत को सशक्त, समर्थ और समृद्ध राष्ट्र बनाना है। संघ ने पिछले सौ वर्षों के अपने स्वर्णिम इतिहास में राष्ट्र की अखंडता, एकता एवं सामाजिक समरसता में अद्वितीय योगदान दिया है। युद्ध और आपदाओं के दौर में संघ के स्वयंसेवकों ने अपने शौर्य और राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया। संघ के संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार ने अपना समूचा जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि डॉ.हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रूपी पौधे का रोपण किया था। सौ वर्षों की कठोर तपस्या और संघर्ष के बाद संघ एक सुसंगठित एवं अनुशासित विशाल वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है और राष्ट्र की एकता, समरसता, संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत है। राष्ट्र की अखंडता एवं नवनिर्माण में डॉ. हेडगेवार और गुरु गोलवलकर जी के योगदान को भारतवासी सदैव याद रखेंगे।

एक नजर में

**शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को नई दिशा करती है प्रदान : सचिन यादव**

# जेआईटी बोरावां में दो दिवसीय साइंस ओलम्पियाड में 548 छात्र हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** जिले के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (जेआईटी) बोरावां में दो दिवसीय साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेष रूप से इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना था। रविवार को आयोजित इस परीक्षा में खरगोन, बड़वानी, धार और झाबुआ जिलों से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 548 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।




परीक्षा का आयोजन सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी तरीके से किया गया, जिससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने साइंस ओलम्पियाड के परीक्षार्थियों को प्रेषित संदेश में कहा कि शिक्षा समाज की उन्नति और विकास का मूल आधार है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करती है तथा युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। श्री यादव ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफल अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। संसथा प्राचार्य डॉ. अतुल उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थी तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर साईन्स ओलम्पियाड डॉ. सुनील सुगंधी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन संस्था की पहचान है। यह आयोजन विगत 15 वर्षों से अनवरत जारी है। संस्थान में खरगोन, बड़वानी धार, खण्डवा बुरहानपुर जिलों के हजारों विद्यार्थी अपना पाठ्यक्रम पूर्ण कर शासकीय सेवाओं एवं प्रतिष्ठित कंपनीयों में जॉब कर संस्था एवं अपने परिवार को गौरवान्वित कर रहे हैं। यह विद्यार्थियों का यह विश्वास संस्था की परंपरा है। संस्था द्वारा सदैव समय समय पर विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रमों के अनुरूप आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाये जाते हैं। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि राहुल भार्गव डायरेक्टर शीकुंज ने बताया कि जेआयटी बोरावां में गूगल, माईक्रोसॉफ्ट एवं मेटा जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के क्लब एवं ट्रेनिंग सेंटर स्थापित कर संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान किया गया है। साईन्स ओलम्पियाड के विजेताओं को किया पुरस्कृत नकद पुरस्कारों ने परीक्षार्थियों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान रविवार 15 मार्च साईन्स ओलम्पियड में मनावर तहसील के डेहरी गॉव के वैभव भायल बने विजेता भीकनगॉव के अर्श गंगराडे द्वितीय एवं डोंगरगॉव की कृष्णा पाटीदार रही तृतीय रविवार को आयोजित साईन्स ओलम्पियाड प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कार दिए।